प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 12.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- लोकसभा ने कराधान विधि संशोधन विधेयक 2025 और आयकर विधेयक 2025 ध्वनिमत से पारित कियां
- राज्यभर में स्वाधीनता दिवस की तैयारियां व्यापक स्तर पर–भारत पाक सीमा पर विशेष चौकसी के लिए ऑपरेशन अलर्ट शुरूं
- प्रदेश में पशुओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए पहली सैक्स सोर्टेड सीमन लैब जयपुर के बस्सी में शुरू की गईं
- कजली तीज और चौथ का पर्व आज प्रदेशभर में परम्परागत श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा हैं

00000

लोकसभा ने कराधान विधि संशोधन विधेयक 2025 और आयकर विधेयक 2025 को ध्वनिमत से पारित कर दिया हैं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कई मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के विरोध के बीच कल ये विधेयक पेश किएं आयकर संख्या 2 विधेयक का उद्देश्य आयकर से संबंधित कानून को समेकित और संशोधित करना है, जबकि कराधान विधि संशोधन विधेयक आयकर अधिनियम, 1961 में और संशोधन करेगा और वित्त अधिनियम, 2025 में संशोधन करेगां पिछले दस वर्षों में आयकर कानून में भी सुधार हुए हैं सुधारों की श्रृंखला को जारी रखते हुए, इस वर्ष 13 फरवरी को संसद में सरलीकृत आयकर विधेयक, 2025 पेश किया गया थां विधेयक को एक प्रवर समिति को भेजा गया था जिसने पिछले महीने की 21 तारीख को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कीं सरकार ने प्रवर समिति की लगभग सभी सिफारिशों को स्वीकार कर लिया हैं

0000

प्रदेशभर में स्वाधीनता दिवस की तैयारियां व्यापक स्तर पर की जा रही हैं राज्यस्तरीय समारोह जोधपुर में आयोजित किया जायेगां सभी जिलों में आयोजित होने वाले समारोहों में सुरक्षा और सुविधा के बंदोबस्त किये जा रहे हैं जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा कीं उन्होंने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने के निर्देश दिएं समारोह में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगें वहीं जैसलमेर में सीमा सुरक्षा बल ने ऑपरेशन अलर्ट शुरू कर दिया हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि अलर्ट के दौरान 17 अगस्त तक बीएसएफ के जवान आधुनिक हथियारों के साथ सीमा पर चौकसी करेंगें

......

इधर जयपुर में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आमजन को देश के विभाजन की विभीषिका से अवगत कराने के लिए जीपीओ प्रांगण में एक विशेष प्रदर्शनी लगायी गई हैं 14 अगस्त तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में आमलोग 50 चित्रित पोस्टर्स के माध्यम से विभाजन के समय की पीड़ा, संघर्ष और बलिदान को देख सकते हैं

00000

प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से देशभक्ति का संदेश दिया जा रहा हैं इसके साथ ही स्वच्छता अभियान भी चलाया जा रहा हैं इसी कडी में आज भी कई कार्यक्रम हो रहे हैं

.....

000

जयपुर के बस्सी में प्रदेश की पहली सैक्स सोर्टेड सीमन लैब शुरू की गई हैं यह लैब पशुओं की गुणवत्ता बढ़ाने, नस्ल सुधारने और ूध उत्पादन में गुणात्मक बढोतरी करने में अहम भूमिका निभाएगीं पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कल इसका वर्चुअल उदघाटन कियां इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों और पशुपालकों की आय बढाने की दिशा में लगातार काम कर रही हैं इसके लिए पशुपालकों के हित में नवाचार किये जा रहे हैं उन्होंने कहा कि सैक्स सोर्टेड सीमन लैब के रूप में नवाचारों में एक नया अध्याय जुड़ गया हैं यहां हर साल 10 लाख डोज़ सीमेन का उत्पादन किया जाएगां इसके साथ ही पशुपालकों को उच्च गुणवत्ता का सीमेन समय पर और उचित मूल्य पर उपलब्ध कराया जायेगां इस दौरान प्रयोगशाला के संचालन के लिए त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गयें ये समझौता राजस्थान सहकारी डेयरी फेडरेशन लिमिटेड , राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड और एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज के बीच किया गयां

0000

राज्य में नव चयनित 1 हजार 699 चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति देकर पदस्थापन के आदेश जारी किये गये हैं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर की मंजूरी के बाद ये आदेश जारी किए गएं विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि इन चिकित्सा अधिकारियों को जिला अस्पतालों, उप जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में नियुक्ति दी गई हैं इससे निचले स्तर तक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में मदद मिलेगीं नव नियुक्त चिकित्सकों को 26 अगस्त तक कार्यग्रहण करना होगां नहीं तो नियुक्ति के आदेश अपने आप निरस्त समझे जाएंगें चिकित्सक नियुक्ति आदेश की प्रति राज हैल्थ पोर्टल से डाउनलोड कर, अपने लॉग इन के माध्यम से ऑनलाइन ही कार्यग्रहण करेंगें

000

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कल मुंबई में ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर का उदघाटन कियां इस अवसर पर उन्होंने राजस्थान को विश्व और राष्ट्रीय पर्यटन का आकर्षक केन्द्र बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा कीं उन्होंने उद्यमियों, टूर एंड ट्रेवलर्स और अन्य हितधारकों को साझेदार बनने के लिए आमंत्रित कियां

0000

अपनी अनूठी गंध और स्वाद के लिये मशहूर पश्चिमी राजस्थान का थार जीरा अब दुनियाभर में अपनी अनूठी पहचान बनायेगां इस जीरे को जीआई टेग मिल गया हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि जी आई टेग मिलने के बाद किसानों को इसका बेहतर बाजार और उचित मूल्य मिल सकेगां

.......

0000

कजली तीज का पर्व आज प्रदेशभर में परम्परागत श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा हैं हरियाली तीज के बाद भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की तृतीया को ये तीज मनायी जाती हैं इस दिन महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं इसे सातुड़ी तीज या बड़ी तीज के नाम से भी जाना जाता हैं पाली में इस अवसर पर सोमनाथ महादेव मंदिर में 151 किलो हरी सब्जियों से भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया हैं आज ही चतुर्थी होने के कारण चौथ का व्रत भी किया जा रहा हैं महिलाएं शाम को चंद्रमा को अर्घ्य दें कर व्रत खोलेंगीं

0000